**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के 1-सोमवार के लिए निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-05 का उत्तर-**

---

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 05(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अन्तर्गत पाल तिराहे से टैम्पों स्टैण्ड होते हुए एम0आई0एस0 चौराहा होकर मीनाबेकरी चौराहे की ओर जाने वाली पी0डब्लू0डी0 रोड के दोनों तरफ फुटपाथ पर एक मीटर इण्टर लॉकिंग टाइल्स लगभग दस साल पूर्व लगवाई गई थी ? | मिल एरिया चौकी से आलमनगर वाया मीना बेकरी मार्ग पर नगर निगम एवं यूपी सिडको द्वारा मार्ग की कुल लम्बाई 2.64 किमी0 के सापेक्ष मार्ग के दांयी तरफ 530 मीटर तथा बांयी तरफ 575 मीटर भाग में पटरी पर इण्टरलाकिंग टाइल्स लगाने का कार्य कराया गया था। लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग के फुटपाथ पर इण्टरलाकिंग टाईल्स लगाने का कार्य नहीं कराया गया है। |
| (ख)यदि हॉं, तो क्या उक्त टाइल्स लगाने के बाद कई बार पी0डब्ल्यू0डी0 विभाग द्वारा रोड का निर्माण कराये जाने के कारण एम0आई0एस0 चौराहे से मीना बेकरी चौराहे के मध्य टाइल्स काफी नीची हो जाने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है तथा रात में अंधेरा होने के कारण दो पहिया वाहन चालकों के एक्सीडेंट हो रहे हैं ? | प्रश्नगत मार्ग के निर्माण होने के फलस्वरूप फुटपाथ का लेवल मार्ग से नीचे हो गया है। पाल तिराहे से टेम्पो स्टैण्ड होते हुए एम0आई0एस0 चौराहा होकर मीना बेकरी चौराहे की ओर जाने वाली रोड किमी0-1,2,3(600) में फुटपाथ एवं पटरी सुधार हेतु नगर निगम की सहमति के उपरान्त कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। |
| (ग)क्या जनहित में उक्त कई साल पूर्व लगवायी गयी इण्टर लॉकिंग टाइल्स को पूर्न निर्माण कराते हुए उखाड़कर रोड के बराबर ऊँचाई में लगवाया जायेगा, जिससे हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके ? | उपर्युक्तानुसार (ख) के अनुसार। |
| (घ) यदि हॉं, तो कब तक ? | उपर्युक्तानुसार (ख) के अनुसार। |
| (ड.) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न ही नहीं उठता है। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री।**